एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल 2.0 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 16 और 17 जनवरी 2025 को संजय गांधी युवा नेतृत्व एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान, पचमढ़ी में दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित की गयी।

पंचायत दर्पण पोर्टल का निर्माण एनआईसी मध्य प्रदेश द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्य प्रदेश के लिए किया गया है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पंचायत दर्पण पोर्टल 2.0 के विभिन्न मॉड्यूल, जीपीडीपी, ई-ग्रामस्वराज पोर्टल और अन्य तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन श्री दीपक व्यास (संयुक्त निदेशक-आईटी, एनआईसी, म. प्र.) द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समन्वय श्री नवल कुमार मीना (निदेशक, एसजीआई पचमढ़ी), श्री वी. के. त्रिपाठी (उप निदेशक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मध्य प्रदेश) और उनकी टीम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न जिलों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, लेखा अधिकारी, डाटा मैनेजर, ग्राम रोजगार सहायक और तकनीकी कर्मचारी शामिल थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलकियां

श्री दीपक व्यास ने पंचायत पोर्टल पोर्टल की मुख्य कार्य प्रणालियों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। श्री वी. के. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में पंचायत पोर्टल, जीपीडीपी और ईग्रामस्वराज पोर्टल के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को समन्वय टीम द्वारा सक्रिय रूप से शामिल किया गया, जहां उन्हें प्रश्न पूछने, फीडबैक देने और सुझाव साझा करने का मंच प्रदान किया गया।

समापन सत्र के दौरान, श्री नवल कुमार मीना, निदेशक, एसजीआई पचमढ़ी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पंचायत पोर्टल और ई-ग्रामस्वराज पोर्टल के प्रमुख पहलुओं एवं उनके उपयोग संबंधी विषयों से प्रतिभागियों को अवगत करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

NIC MP organizes Two Days Training/ Workshop on Panchayat Darpan Portal 2.0

A two day Training cum Workshop was organized by Panchayat and Rural Development Department at Sanjay Gandhi Youth Leadership and Rural Development Training Institute, Pachmarhi on January 16 & 17, 2025. The event was organized for the officers and employees of Panchayat and rural Development Department.

More than 50 officials including Janpad CEOs, Accounts Officers, Data Manager, Gram Rozgar Sahayak and Technical Personals participated in the program from different districts of Narmadapuram Division of the state.

Panchayat Darpan Portal has been designed and developed by NIC Madhya Pradesh for the Department of Panchayat and Rural Development, MP. The workshop was focused on various modules of Panchayat Darpan Portal 2.0, GPDP, eGramSwaraj Portal and other technical aspects.

The training session was undertaken by Sh. Deepak Vyas (Joint Director-IT, NIC). The entire event was coordinated by Sh. Naval K. Meena (Director, SGI Pachmarhi), Sh. V. K. Tripathi (Dy. Director, P&RD, Madhya Pradesh) and his team.

Glimpses of the training session

Sh. Deepak Vyas demonstrated the complete workflow of the core functionalities of the Panchayat Darpan Portal. Sh. V. K. Tripathi briefed about the key aspects of the Panchayat Darpan, GPDP and eGramSwaraj Portal. Participants in the training were actively engaged by the coordination team by provided a platform for queries, feedback, and suggestions.

Sh. Naval K. Meena, Director, SGI Pachmarhi addressed the participants about the comprehensive facilities provided on Panchayat Darpan and eGramSwaraj Portal during the concluding session.

Welcome Session



Participants attending the Workshop

Director, SGI Pachmarhi ***Sh. Naval K. Meena****, Dy. Dir., P&RD* ***Sh. V. K. Tripathi*** *& Joint Dir.-IT,NIC,* ***Sh. Deepak Vyas*** *along with the participants.*

संकलन : दीपक व्यास ,संयुक्त निदेशक (IT)